# राजभाषा मुद्रिका

तिमाही राजभाषा समाचार पत्र

**अंक : 39** **जनवरी-मार्च 2024**

**<u>प्रधान संरक्षक</u>**

## श्री रूपम कपूर

**प्रधान मुख्य आयुक्त, केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल, कर्नाटक**

**<u>संरक्षक</u>**

## श्री संतोष कुमार मोहंती

**आयुक्त, केंद्रीय कर, बेंगलूरु दक्षिण आयुक्तालय, बेंगलूरु**

**<u>संकल्पना और संपादन</u>**

## श्री वाई. सुब्रह्मण्यम,

**वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी, केंद्रीय कर प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय, बेंगलूरु**

---

**दिनांक 16.02.2024 को केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड, नई दिल्ली के माननीय सदस्य श्री शशांक प्रिया ने केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल का दौरा किया । उनके साथ समीक्षा बैठक में केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल के वरिष्ठ अधिकारीगण ने भाग लिया।**





**बैठक के दौरान डीआरसी-3 के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की गई। तथा जीएसटी अधिनिर्णयों के मामलों को शीघ्र निपटान के लिए आदेश दिया गया।**

## क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन

**दिनांक 19.01.2024 को एच.ए.एल., बेंगलूरु में क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन किया गया। केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल के निम्नलिखित अधिकारियों ने सम्मेलन में भाग लिया।**

| | | |
|---|---|---|
| **बेंगलूरु उत्तर पश्चिम आयुक्तालय** | : | **श्री प्रदीप कुमार सुमन, आयुक्त** |
| | | **श्रीमती इंदिरा प्रियदर्शिनी, अपर आयुक्त** |
| **बेंगलूरु उत्तर आयुक्तालय** | : | **डॉ.कोट्रस्वामी एम., आयुक्त** |
| | | **श्री एम.के. परशिवमूर्ति, अपर आयुक्त** |
| | | **श्रीमती रेखा गुप्ता, अधीक्षक** |
| | | **श्री नदीम हुस्सैन, आशुलिपिक ग्रेड-II** |
| **बेंगलूरु पश्चिम आयुक्तालय** | : | **श्री सिद्लिंगेश, अपर आयुक्त** |
| **बेंगलूरु लेखापरीक्षा-II आयुक्तालय** | : | **श्रीमती रीजा राघवन, सहायक आयुक्त** |
| | | **श्री दिवाकर कुमार मिश्रा, आशुलिपिक ग्रेड-I** |
| **बेंगलूरु दक्षिण आयुक्तालय** | : | **श्री प्रवीण टी. बिदरी, सहायक आयुक्त** |
| **प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय** | : | **श्रीमती पद्मश्री बाबु, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी** |
| | | **श्री वाई. सुब्रह्मण्यम, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी** |
| | | **श्री अभिषेक गुप्ता, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी** |
| **मैसूरु आयुक्तालय** | : | **श्री निखिल लालवानी, आशुलिपिक ग्रेड-I** |
| **मैसूरु लेखापरीक्षा आयुक्तालय** | : | **श्री अंकित कुमार, आशुलिपिक ग्रेड-I** |
| **बेलगावी आयुक्तालय** | : | **श्री रवि भूषण, आशुलिपिक ग्रेड-I** |
| **बेलगावी लेखापरीक्षा आयुक्तालय** | : | **श्री मोहित, आशुलिपिक ग्रेड-I** |
| **पूर्व आयुक्तालय** | : | **श्रीमती ज्योति वर्मा, कर सहायक** |

# राजभाषा कार्यान्वयन पर एक रिपोर्ट

दिसंबर, 2023 तिमाही के लिए प्राप्त रिपोर्टों के आधार पर केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल से राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 3(3) के तहत कुल 1267 दस्तावेज जारी किए गए तथा समस्त दस्तावेज द्विभाषा में ही जारी किए गए। हिंदी में कुल 54 पत्र प्राप्त हुए तथा 10 के उत्तर हिंदी में दिया गया तथा 44 पत्र के उत्तर अपेक्षित नहीं थे। हिंदी टिप्पणियों के क्रम में निर्धारित लक्ष्य 30% है। इस दिशा में केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल ने 51.72% प्राप्त किया है। आगे मूल पत्राचार के संबंध में यह सूचित किया जाता है कि अंचल निर्धारित 55% की तुलना में 'क' क्षेत्र के लिए 67.83%, 'ख' क्षेत्र के लिए 92.54% तथा 'ग' क्षेत्र के लिए 70.36% प्राप्त किया।

## मूल पत्राचार

दिनांक 31.12.2023 को समाप्त तिमाही के संबंध में सभी 16 आयुक्तालयों से हिंदी तिमाही रिपोर्ट समय पर प्राप्त हुईं । इस दिशा में केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल के अधीनस्थ सभी आयुक्तालयों ने राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित मूल पत्राचार के संबंध में 55% लक्ष्य प्राप्त कर लिया । केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल के शीर्षस्थ पांच आयुक्तालय जिनके मूल पत्राचार के प्रति क, ख और ग क्षेत्रों के संबंध में समग्र प्रतिशतता निम्न प्रकार से है :

बेंगलूरु अपील्स-I आयुक्तालय : 91.57%

बेलगावी अपील्स आयुक्तालय : 88.68%


मैसूरु अपील्स आयुक्तालय : 87.85%


बेंगलूरु उत्तर आयुक्तालय : 78.59%


मैसूरु आयुक्तालय : 74.95%


# हिंदी कार्यशाला

दिनांक 01.02.2024 को केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल के <u>समूचे कर्नाटक</u> में कार्यरत निरीक्षकों के लिए सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल द्वारा एक <u>ऑनलाइन हिंदी कार्यशाला</u> का आयोजन किया गया । पूर्वाह्न के दोनों सत्र में एच.ए.एल., बेंगलूरु के सेवानिवृत्त उपमहाप्रबंधक (राजभाषा) डॉ.एम. शंकर प्रसाद ने *"राजभाषा नीति"* पर प्रकाश डाला। तथा अपराह्न के दोनों सत्र में डी.आर.डी.ओ., बेंगलूरु के सहायक निदेशक (राजभाषा) ने *"टिप्पण एवं आलेखन"* पर व्याख्यान दिया।





इस अंचल में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की सामग्रियां हो तो, उन्हें इस समाचार पत्र के आगामी अंकों में प्रकाशन हेतु हमें cexhindicell@gmail.com ई-मेल पते पर संपर्क करें । **आपके बहुमूल्य सुझाव सादर आमंत्रित हैं ।**